कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर

पत्रांक: मु.चि.अ./एन.यू.एच.एम./आशा चयन/2024-25 दिनॉक 05 नवम्बर 2024

शहरी आशाओं के चयन हेतु सूचना

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र., लखनऊ के पत्र सं. SPMU/NUHM/Budget /2024-25/61/1555-2 दिनांक 18.06.2024, शासनादेश सं0 2505/5-10-15-9 (120)/13 चिकित्सा अनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 01 जनवरी 2016 के क्रम में एवं जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नॉन स्लम/स्लम क्षेत्रों में आशाओं के रिक्त पदों हेतु ललितपुर नगरीय क्षेत्र में निम्नलिखित क्षेत्रों में शहरी आशाओं का चयन किया जाना है। पात्र इच्छुक महिलायें आवेदन पत्र पूर्ण कर स्थानीय वार्ड सदस्य से प्रमाणित करा कर सम्बन्धित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं प्रमाण पत्रों सहित दिनांक 25 नवम्बर 2024 को सायं 4:00 बजे तक सम्बन्धित कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के डाक अनुभाग में जमा किये जा सकते हैं।

क्र. सं.	नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम	जिन मोहल्लों में आशा रखी जानी है आशा संख्या सहित	कुल आशा
1.	गोविन्द नगर	वार्ड नं.-14 चौकाबाग-01,	1
2.	नेहरू नगर	वार्ड नं.-12 आजादपुरा-01, वार्ड 4-गांधीनगर-01 वार्ड 9-सिविल लाईन-01, वार्ड 5-झांसीपुरा-01	4

शहरी आशा के चयन के नियम व शर्तें :-

1. महिला की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष होना चाहिए।
2. महिला सम्बन्धित चयनित क्षेत्र की निवासी होनी चाहिए।
3. महिला की उम्र 20 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। विवाहित/विधवा/तलाकशुदा/पति से अलग महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम में कार्य किया हो तो उसका अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. जे.एन.एन.यू.आर.एम., यूनीसेफ (एस.एम.नेट) एंव भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओं के सामुदायिक स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों के अनुभव के आधार पर वरीयता प्रदान की जायेगी अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. शहरी आशा का कोई मासिक मानदेय निर्धारित नहीं है। राज्य द्वारा प्रस्तावित दिशा-निर्देशों द्वारा उनके प्रारम्भिक प्रशिक्षण उपरान्त किये गये कार्यो को सत्यापन के आधार पर ही प्रोत्साहन राशि देय होगी।
7. निर्धारित तिथि, समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले एवं अपूर्ण बिना हस्ताक्षर के प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. साक्षात्कार की सूचना पृथ्क से समाचार पत्र के माध्यम से दी जायेगी।

शहरी आशा चयन हेतु आवेदन पत्र में अंकित की जाने वाली सूचना :-

1. वार्ड संख्या व मोहल्ले का नाम, 2. अभ्यार्थी का पासपोर्ट साइज फोटो, 3. आवेदन कर्ता महिला का नाम, 4. पति/पिता का नाम, 5. जन्म तिथि, 6. जाति, 7. स्थाई पता, 8. पत्र व्यवहार का पता, 9. मोबाइल नं., 10. शैक्षिक योग्यता का विवरण, 11. अनुभव का विवरण, 12. दिनांक व स्थान, 13. अभ्यार्थी के हस्ताक्षर, 14. कुल संलग्नकों की संख्या।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ललितपुर